देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 258 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
वर्क–लाइफ बैलेंस



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 22 जनवरी 2025



मौसम अधिकतम 19.0° न्यूनतम 11.0°

82924.41

2 पनामा के राष्ट्रपति का पलटवार

7 लखनऊ मेरा ननिहाल हैः पंत

# अंतिम सांस ले रहा है नक्सलवादः गृहमंत्री

## मारा गया खूंखार नक्सली जयराम उर्फ चलपति, सिर पर था 1 करोड़ का इनाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बताया कि ओडिशा–छत्तीसगढ़ सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), विशेष अभियान समूह (एसओजी) ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया गया, जो 'नक्सलवाद पर एक और बड़ा प्रहार' है। शाह ने कहा कि 'नक्सल मुक्त भारत' के संकल्प और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है।

गृह मंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा–छत्तीसगढ़ सीमा पर एक संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया। नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से, नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबलों ने भीषण मुठभेड़ में 16 से अधिक नक्सलवादियों को ढेर कर दिया है। सुरक्षाबलों ने कई खूंखार नक्सलवादियों को मार गिराया है। इनमें से एक तो इतना खतरनाक था कि उसके सिर पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। रविवार से जारी इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या में अभी और इजाफा हो सकता है।

सुरक्षाबलों के मुताबिक, मुठभेड़ के बाद 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इनमें जयराम उर्फ चलपति भी शामिल है। चलपति नक्सलियों की सेंट्रल कमिटी का सदस्य है। उसकी गिनती देश के बेहद खतरनाक नक्सली कमांडरों में थी। सुरक्षाबलों पर कई हमलों में शामिल रहा चलापथी कितना खूंखार था इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि उसके सिर पर पूरे एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था।

सीसी मेंबर जयराम उर्फ चलपति ओडिशा कैडर का नक्सली था, जो छत्तीसगढ़ में मारा गया है। सीसी मेंबर का मारा जाना नक्सली ऑपरेशन के इतिहास में पहली घटना है। एसएलआर रायफल जैसे स्वचालित हथियारों सहित बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।

### सुरक्षाबलों को ऐक्शन जारी

बता दें कि छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पिछले 36 घंटे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों की मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में अब तक कुल 16 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक इस मुठभेड़ में 1 करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया है। नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं।



### नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलताः अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवादियों के खिलाफ ऐक्शन को बड़ी सफलता करार दिया है। शाह ने ट्वीट किया, 'नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा–छत्तीसगढ़ सीमा पर एक संयुक्त अभियान में 14 (बाद में सख्या बढ़कर 16 हो गई) नक्सलियों को मार गिराया।

### घेरे गए 60से ज्यादा नक्सलवादी

आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30, कोबरा 207, सीआरपीएफ की 65 और 211 बटालियन व एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। ओडिशा के नुआपाड़ा जिले की सीमा से लगभग 5 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के कुल्हाड़ीघाट रिजर्व वन में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर 19 जनवरी की रात को ऑपरेशन शुरू किया गया था। 1000 जवानों ने 60 से ज्यादा नक्सलियों को घेरा था। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और एक सेल्फ लोडिंग राइफल मिली है। नक्सलियों के बारूदी सुरंग का भी पता चला था।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से मिली छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** मुबंई। सैफ अली खान को पांच दिन के बाद लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 15 जनवरी की रात उन पर चाकू से हमला हुआ था, जिसके बाद से ही वह लीलावती हॉस्पिटल में भर्ती थे। हमले के बाद सैफ की पहली झलक भी सामने आ गई है। वह सफेद रंग की शर्ट, लाइट ब्लू डेनिम जींस और आंखों पर काला चश्मा लगाए नजर आए।

# समान नागरिक संहिता की कोई जरूरत ही नहींः कांग्रेस

## लॉ कमीशन की रिपोर्ट पर कांग्रेस का बड़ा दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। समान नागरिक संहिता और 23वें विधि आयोग के गठन में देरी को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि मौजूदा एनडीए की सरकार एक प्रतिष्ठित संस्थान के साथ घटिया व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि यूसीसी जैसे संवेदनशील मुद्दे को लेकर भी लॉ कमीशन पर सरकार का रवैया बेहद खराब है। जयराम रमेश ने कहा कि 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता को लेकर अपनी रिपोर्ट पेश भी कर पाया था कि 31 अगस्त को उसे खत्म कर दिया गया।

बीते दिन उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कहा कि कैबिनेट ने यूसीसी को लेकर नियमों को मंजूरी दे दी है और इसे जल्द ही राज्य में लागू किया जाएगा। इस महीने के आखिरी तक यूसीसी लागू हो सकता है। मंगलवार को रमेश ने कहा कि 21वें विधि आयोग ने 182 पेज की रिपोर्ट मोदी सरकार को सौंपी ती। इसमें कहा गया था कि फिलहाल यूसीसी की जरूरत नहीं है।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मोदी सरकार द्वारा नियुक्त 21वें विधि आयोग ने 31 अगस्त 2018 को 182 पृष्ठ के परामर्श पत्र में कहा था कि "जब भारतीय संस्कृति की विविधता का जश्न मनाया जा सकता है और मनाया जाना चाहिए, तब इस प्रक्रिया में विशेष समूहों या समाज के कमजोर वर्गों को वंचित नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में विवाद के समाधान के लिए विविधता को खतरे में नहीं डालना चाहिए। इसलिए समान नागरिक संहिता न तो जरुरी है और न ही वांछित।' जयराम रमेश के बयान को गृह मंत्री शाह के उस बयान के जवाब के रूप में भी देखा जा रहा है जो कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में दिया था।

### मोदी सरकार पर हमला

जयराम रमेश ने कहा कि 14 जून, 2023 को जारी एक प्रेस नोट में 22वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता की जांच करने के अपने इरादे को फिर से अधिसूचित किया। उन्होंने कहा, '23वें विधि आयोग की घोषणा 3 सितंबर, 2024 को की गई थी लेकिन इसके संगठन की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। मोदी सरकार विधि आयोग जैसी प्रतिष्ठित संस्था के साथ इतना घटिया व्यवहार क्यों कर रही है?'

# तुर्किये के होटल अग्निकांड में बढ़ा मौत का आंकड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तुर्किये। तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर–पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, इस घटना से हम बहुत दुखी हैं।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे।

गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई।

एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। लोगों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था।

### हादसा

- अब तक 66 लोग मरे और 51 लोग झुलसे

### होटल में आग लगने पर नहीं बजा फायर अलार्म

प्रत्यक्षदर्शियों और रिपोर्टों में बताया गया कि होटल में फायर सिस्टम काम नहीं कर रहा था। होटल की तीसरी मंजिल पर ठहरे शख्स ने अताकन येलकोवन ने बताया, मेरी पत्नी को कुछ जलने की गंध आई, जिसके बाद हम उठकर भागे, लेकिन होटल में इस दौरान कोई अलार्म नहीं बजा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारतीय टीम ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी 2025

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने रच दिया इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने मंगलवार को इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया। विक्रांत केनी की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 79 रन से मात दी। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को जीत के लिए 198 रन का टारगेट दिया था। हालांकि, इंग्लैंड टीम 19.2 ओवर में 118 रन पर ही सिमट गई।

मुकाबले की बात करें तो योगेन्द्र और माजिद मार्ग्रे ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। दोनों की बैटिंग के चलते ही टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 197 रन बनाए। योगेन्द्र ने 40 गेंदों में 73 रन की आतिशी पारी खेली। उनके अलाव माजिद ने 19 गेंदों पर नाबाद 33 रन ठोक दिए। इंग्लैंड की ओर से हैमंड ने 4 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

बल्लेबाजों ने अपना काम खत्म किया तो भारतीय गेंदबाज एक्शन में आए। गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत को ट्रॉफी दिला दी। भारतीय टीम की ओर से राधिका प्रसाद ने 19 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट शिकार किए।

## न्यूज डायरी



### ट्रंप की धमकी और पनामा के राष्ट्रपति का पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण के बाद पनामा नहर पर फिर से अमेरिकी नियंत्रण की घोषणा की है। ट्रंप का कहना है कि पनामा नहर के हस्तांतरण के संबंध में किए गए वादों को पूरा नहीं कर रहा है। हमने इसे नहर को पनामा को दिया था लेकिन ये अब चीन के प्रभाव में है। ट्रंप का कहना है कि अमेरिका ने ये नहर बेवकूफी में पनामा को दी थी। ऐसे में हम इसे वापस लेने जा रहे हैं। ट्रंप पहले भी इस तरह का बयान दे चुके है और इसके लिए सैन्य बल के इस्तेमाल की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। ट्रंप के बयान की सेंट्रल अमेरिकी देश पनामा की सरकार ने कड़ी आलोचना की है। अमेरिका ने 1900 के दशक की शुरुआत में इस नहर का निर्माण कराया था और 1914 में इसे खोल दिया गया था। इसके बाद कई दशकों तक अमेरिका का नहर पर नियंत्रण रहा और आसपास के क्षेत्र को भी उसने प्रशासित किया। साल 1977 में अमेरिका का नियंत्रण कम हुआ। साल 1977 में एक संधि के तहत इस नहर पर पनामा और अमेरिका का संयुक्त नियंत्रण हुआ। इसके बाद 1999 की संधि के तहत नहर पर पूरी तरह से पनामा का नियंत्रण हो गया। इस साल अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर नहर को पनामा को सौंप दिया। पनामा नहर की लंबाई 82 किलोमीटर है, जो अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ती है। हर साल पनामा नहर से करीब 14 हजार पोतों की आवाजाही होती है।

### ट्रंप का मंगल ग्रह पर अमेरिकी यात्री भेजने का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने प्लान से जुड़ा अहम एलान किया है। ट्रंप ने अमेरिका को स्पेस विज्ञान में अगुआ बनाने और मंगल ग्रह पर अमेरिकी झंडा लगाने की बात कही है। ट्रंप के इस एलान पर दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार अरबपति एलन मस्क ने थंबअप देकर अपना समर्थन जताया। अंतरिक्ष कंपनी स्पेस एक्स के मालिक एलन मस्क डोनल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी हैं, उन्होंने चुनाव के दौरान ट्रंप का जमकर प्रचार किया था। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में कहा, श्हम अपने मैनिफेस्ट डेस्टिनी को अंतरिक्ष तक ले जाएंगे। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री मंगल ग्रह पर जरूर जाएंगे। अमेरिका अंतरिक्ष में अपनी संपत्ति बढ़ाएगा, अपने क्षेत्र का विस्तार करेगा और मंगल ग्रह पर भी अपना झंडा फहराएगा। मुझे उम्मीद है कि हम सितारों की ओर आगे बढ़ेंगे और मंगल ग्रह पर अपना झंडा फहराएंगे। डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान पर मस्क की खुशी की वजह उनकी अंतरिक्ष क्षेत्र में दिलचस्पी है। मस्क ने दो दशक पहले निजी अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स की शुरुआत की थी। ये कंपनी स्पेस रिसर्च और अंतरिक्ष तकनीक पर काम करती है। अरबपति एलन मस्क का खास स्पेस प्लान भी है। ये प्लान के तहत मंगल पर बस्ती बसाने से जुड़ा है।

### ट्रंप के सिपहसालार भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी कैबिनेट से हटे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी अब सरकारी दक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे। व्हाइट हाउस ने डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ घंटों बाद रामास्वामी के पद छोड़ने की जानकारी दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने रामास्वामी को नवंबर में एलन मस्क के साथ सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करने के लिए चुना था। ट्रंप के करीबी 39 वर्षीय रामास्वामी ने अब इस पद से हटने का फैसला किया है। वह ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। विवेक ने बीते साल रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी पेश की थी। हालांकि वह चुनाव नहीं लड़ सके थे। रामास्वामी ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा, 'DOGE के निर्माण में सहयोग करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। मुझे विश्वास है कि एलन और उनकी टीम भविष्य में इसे सुव्यवस्थित बनाने में सफल होंगे। ओहायो में अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में जल्द ही जानकारी दूंगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि हम राष्ट्रपति ट्रंप के अमेरिका को फिर से महान बनाने के सपने में पूरी तरह से मदद करने के लिए तैयार हैं।

# ट्रंप के शपथ में भारत का जलवा तो चीन को सख्त संदेश

**रिपोर्ट**

## कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर पहली पंक्ति में बैठे दिखे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। दुनियाभर के खास मेहमान इसमें शामिल हुए, लेकिन कार्यक्रम में भारत को खास तवज्जो मिलती दिखी। दरअसल, ट्रंप के शपथ समारोह में पीएम मोदी को भी न्योता आया था। उन्होंने अपने प्रतिनिधि के तौर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को भेजा था। जयशंकर इस कार्यक्रम में पहली पंक्ति में बैठे दिखे। वो ट्रंप के एकदम सामने नजर आए। इससे साफ हो रहा है कि ट्रंप भारत को अपना खास दोस्त मान रहे है।

विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, वाशिंगटन में उद्‌घाटन समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन के प्रमुख सदस्यों से मिलने का अवसर मिला। शाम के समारोह में स्पीकर माइक जॉनसन और बहुमत नेता जॉन थून से मिलकर भी खुशी हुई। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली से भी मैं मिला और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान, जयशंकर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के प्रमुख सदस्यों से मुलाकात की, जिसमें अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के 56वें अध्यक्ष माइक जॉनसन और सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून शामिल थे। उन्होंने संघीय जांच ब्यूरो के निदेशक पद के लिए नामित काश पटेल से भी बातचीत की।

ट्रंप ने शपथ के बाद चीन को भी उसकी हैसियत दिखाई। दरअसल, ट्रंप ने चीनी ऐप टिक–टॉक से बैन तो हटा लिया, लेकिन उन्होंने उसकी पेरंट कंपनी बाइटडांस से समझौता करने को कहा है। ट्रंप ने कहा कि वो इसे चीन के हाथों में नहीं देखना चाहते। इसी के साथ ट्रंप ने चीन को धमकी भी दे डाली और कहा कि अगर उसने अडंगा डाला तो वो उसपर 100 फीसद तक का टैरिफ भी लगा सकते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं। अपने कार्यकाल के पहले दिन ट्रंप ने जिन आदेशों पर दस्तखत किए हैं, उनमें पेरिस जलवायु संधि से हटने, टिकटॉक को बैन से राहत देने, कैपिटल हिल मामले में माफी और संघीय कर्मचारियों को पूर्णकालिक रूप से काम पर लौटने की आवश्यकता शामिल है। ट्रंप ने शपथ लेने के कुछ घंटों के अंदर ही बड़ी संख्या में कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान कार्यकारी आदेशों के अपने पहले बैच पर हस्ताक्षर किए हैं। कार्यकारी आदेश प्रमुख नीतिगत एजेंडा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यकारी आदेश को अमेरिकी राष्ट्रपति बिना कैबिनेट की मंजूरी के जारी कर सकता है।

# मुझे लगा था गाजा से मेरी लाश जाएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** तेल अवीव। गाजा में युद्धविराम होने के बाद रविवार को तीन इजरायली महिला बंधक अपने देश लौटी हैं। गाजा में हमास के चंगुल से 471 दिनों बाद रिहा हुईं तीनों इजरायली महिलाओं ने देश लौटने के बाद अपनी आपबीती सुनाई है। 24 साल की रोमी गोनन, 28 वर्षीय एमिली डमारी और 31 वर्षीय डोरोन स्टीनब्रेचर ने बताया है कि 15 महीनों का ये वक्त उनके लिए कितना मुश्किल था और किस तरह के हालात में उनको गाजा में रहना पड़ा।

महिलाओं ने कैद के दौरान हमास लड़ाकों के बर्ताव का भी खुलासा किया है। इस दौरान उनको कई बार कभी ना छूट पाने का डर लगता था तो कई बातें उनकी उम्मीदों भी देती थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 7 अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज रीम के पास सुपरनोवा रेव में हमले के बाद हमास ने 250 लोगों को किडनैप किया था। इनमें रोमी गोनन, एमिली दामारी और डोरोन स्टीनब्रेचर भी शामिल थीं। रिहाई के बाद इजरायल लौटीं महिलाओं ने बताया कि उन्हें कैद के दौरान गाजा में कई जगहों पर ले जाया गया। हमें ढूंढ़ा ना जा सके, इसलिए लगातार हमारी जगह बदलती रहती थी। इजरायली बंधकों ने बताया है कि वे ज्यादातर समय जमीन के नीचे कैद में रहीं।



## पाकिस्तान के ग्वादर एयरपोर्ट पर चीन ने उड़ाया मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कंगाल पाकिस्तान की अब उसके आयरन ब्रदर चीन ने ही बेइज्जती कर दी है। पाकिस्तान की सरकार ग्वादर में बनाए गए एयरपोर्ट पर गर्व कर रही थी और उसका जश्न मना रही थी। पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइंस का एक विमान इस एयरपोर्ट पर उतरा। यह पहला विमान था जो इस नए बनाए गए इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर उतरा है। पाकिस्तान के पीएम के शहबाज शरीफ ने इस एयरपोर्ट को चीन के साथ दोस्ती का प्रतीक बताया। इस बीच चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने शहबाज के इस दावे की पोल खोलकर रख दी। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि 23 करोड़ डॉलर की कीमत से बना यह एयरपोर्ट चीन का पाकिस्तान को एक दान है। ग्लोबल टाइम्स के इस पोस्ट पर उसकी काफी आलोचना हो रही है। यूजर्स इसे चीन का कर्ज जाल बता रहे हैं।

# पुतिन एक डील नहीं करके रूस को तबाह कर रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को डोनाल्ड ट्रंप ने चेताया

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालने से पहले ही इजरायल और हमास के बीच सीजफायर करा दिया। अब ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालते ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक तरह से चेतावनी दी है और कहा है कि यूक्रेन युद्ध में डील करने से मना करके रूस को तबाह कर रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह शीघ्र ही पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने यह नहीं बताया कि वह रूसी राष्ट्रपति से कब मिलेंगे।

उधर, पुतिन ने भी ट्रंप को राष्ट्रपति बनने की बधाई दी है और मिलने की इच्छा जताई है। इस बीच यूक्रेन और पुतिन के गुरु दोनों ने सुझाव दिया है कि भारत अमेरिका और रूसी राष्ट्रपति के बीच मुलाकात के लिए सबसे अच्छा स्थ्धान हो सकता है।

ट्रंप ने अपने बयान में कहा, पुतिन को एक डील करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि पुतिन एक डील नहीं करके रूस को तबाह कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि रूस एक बड़े संकट में जा रहा है। उन्होंने कहा, ज्यादातर लोग समझते थे कि यूक्रेन युद्ध एक सप्ताह में खत्म हो जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। यह ट्रंप की ओर से पुतिन के यूक्रेन युद्ध की सबसे तीखी आलोचना है। रूस ने यूक्रेन युद्ध में कई सौ अरब डॉलर गंवा दिया है। यही नहीं ऐसा अनुमान है कि 7 लाख रूसी इस लड़ाई में मारे गए हैं। यही नहीं इस युद्ध की वजह से रूस को यूरोप के विशाल गैस बाजार से हाथ धोना पड़ा है। इसके अलावा अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने उसके खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं जिसका अर्थव्यवस्था पर काफी असर पड़ रहा है। रूस अपने रक्षा बजट का 40 फीसदी हिस्सा अभी सेना पर खर्च कर रहा है।

रूस में महंगाई चरम पर है और यह 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है। ट्रंप ने कहा कि वह आशा करते हैं कि एक डील होगी। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी एक बार उनसे कहा था कि वह रूस के साथ एक शांति डील चाहते हैं ताकि युद्ध खत्म हो सके।

## कनाडा और मेक्सिको दो पड़ोसी देशों को ट्रंप की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता पर काबिज होने के बाद से एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। अब उन्होंने कहा कि वह 1 फरवरी की शुरुआत में कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा सकते हैं, जबकि नई अमेरिकी व्यापार नीति के हिस्से के रूप में अन्य देशों पर दंडात्मक उपायों का वादा कर सकते हैं। ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिका के दो प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ अपनी धमकी फिर से दोहरा दी। उन्होंने कनाडा और मेक्सिको पर संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध आव्रजन और मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी कहा, कनाडा बहुत बुरा दुरुपयोग करने वाला देश है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मतगणना की सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश

**निरीक्षण**

## जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल पर व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा



**संवाददाता**

चमोली। चमोली में निकाय चुनाव के मतगणना 25 जनवरी 2025 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर में होगी। जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना की सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि मतगणना कक्षों में प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाए। मतगणना कक्षों में मतगणना एजेंटों के लिए सुगमता से आवाजाही और मतगणना के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए। मतगणना कक्षों में सुरक्षा जाली की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही सभी खिडकियों पर पर्दे लगाए जाए। कहा कि मतगणना केन्द्रों में एलईडी स्क्रीन, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरे, मीडिया सेंटर इत्यादि की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, ताकि मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का निरीक्षण भी किया। निकाय चुनाव के लिए 22 जनवरी को सभी पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने रवानगी स्थल पर निर्वाचन सामग्री वितरण के लिए लगाए गए काउंटर, साउंड सिस्टम, पार्टी के बैठने व भोजन की व्यवस्था, साफ–सफाई, पेयजल, टेंट हाउस, स्वास्थ्य परीक्षण काउंटर, डाक मतपत्र से मतदान, वाहनों का मूवमेंट आदि व्यवस्थाओं जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों को सावधानी के साथ सभी निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराने और समय पर उनके गंतव्य के लिए रवाना करने के निर्देश दिए।

इस दौरान नोडल अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, सीएमओ डा0 अभिषेक गुप्ता, सहायक निर्वाचन अधिकारी एचएस भंडारी सहित चुनाव व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### अरविंद कुमार गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता प्रभात डंडरियाल ने की तथा संचालन आरिफ हुसैन वारसी ने किया। श्रद्धांजलि सभा में समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अरविंद कुमार गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि अरविंद गुप्ता ने सदैव ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का नाम ऊंचा रखने का प्रयास किया। उन्हीं के नाम पर उन्होंने नेताजी संघर्ष समिति बनाई थी गुप्ता जी जैसा देश प्रेमी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का अनुयाई बहुत कम ही देखने को मिलता है। उन्होंने जीवन के आखरी छणो में भी नेताजी को याद करते हुए दुनिया को अलविदा कहा।

### रुद्रप्रयाग फील्डस्टाफ को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद के अंतर्गत 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम विषय पर मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। जनपद स्तरीय कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि में आयोजित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि जिन कार्यालयों एवं उपक्रमों में शनिवार के दिन अवकाश रहेगा ऐसे सार्वजनिक उपक्रमों में राज्य सरकार के अधीन कार्यालयों में 24 जनवरी को मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया जाएगा।

### मतदान के लिए तैनात किए गए कार्मिकों का किया गया तृतीय रेंडमाईजेशन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। नागर निकाय निर्वाचन को पारदर्शिता एवं सफलापूर्वक संपादित कराने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए मतदान हेतु तैनात किए गए पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद की नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों हेतु तैनात किए गए प्रेक्षक मुक्ता मिश्रा एवं युक्ता मिश्रा भी मौजूद रही। नागर निकाय चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपादित कराने के लिए 37 पोलिंग पार्टियां रिजर्व सहित तैनात की गई हैं जिसमें 30 पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी तथा 07 पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रखी गई है।

## अंतिम रेंडमाइजेशन में पार्टियों को पोलिंग बूथ हुए आवंटित

**संवाददाता** चमोली। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के सफल सम्पादनार्थ हेतु मंगलवार को जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी (स्था0नि0) संदीप तिवारी, सामान्य प्रेक्षक अपूर्वा पांडेय, सुरेश चन्द्र जोशी, राजेन्द्र सिंह रावत और नरेश कुमार की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का तीसरा और अंतिम रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थल आवंटित किए गए।

जिले की 04 नगर पालिका परिषद व 06 नगर पंचायत में बनाए गए 80 पोलिंग बूथों के लिए रिजर्व पार्टी सहित 103 पोलिंग पार्टियां बनाई गई है, जिसमें 412 कार्मिकों की तैनाती की गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय शामिल है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में मतदान कार्मिक द्वितीय के रूप में एक महिला कार्मिक की तैनाती की गई है। पोलिंग कार्मिकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। कार्मिकों के अंतिम चरण के रेंडमाइजेशन में पार्टियों को निकायवार मतदेय स्थल आवंटित किए गए है। पोलिंग पार्टियां 22 जनवरी को सुबह 8 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से रवाना की जाएंगी। इसी दौरान पोलिंग पार्टियों को उनके मतदेय स्थल की जानकारी भी दी जाएगी।

रेंडमाइजेशन के दौरान नोडल अधिकारी कार्मिकधमुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, सहायक नोडल अधिकारी कार्मिक धर्म सिंह सहित सभी निकायों से रिटर्निंग ऑफिसर भी मौजूद थे।



## मतगणना को लेकर कार्मिकों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन

**संवाददाता** चमोली। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के सफल सम्पादनार्थ हेतु मंगलवार को जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी (स्था0नि0) संदीप तिवारी की अध्यक्षता और सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। जनपद में निकाय चुनाव की मतगणना 25 जनवरी को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर में होगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना सुपरवाइजर तथा तीन मतगणना सहायक रहेंगे। मतगणना के लिए रिजर्व सहित 46 मतगणना टीम बनाई गई है। जनपद की सभी 10 निकाय क्षेत्रों की मतगणना के लिए 35 टेबल लगाए जाएंगे। नगर पालिका गोपेश्वर की मतगणना के लिए 06 टेबल, ज्योर्तिमठ के लिए 05, कर्णप्रयाग, गौचर, पोखरी, गैरसैंण के लिए 4–4 और पीपलकोटी, नंदानगर, थराली व नंदप्रयाग के लिए 2–2 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना कार्मिकों को 24 जनवरी को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## कांग्रेस प्रत्याशी बिहारी लाल के पक्ष में उमड़ा कांग्रेसियों का जन सैलाब

**संवाददाता**

पुरोला। मंगलवार को पुरोला नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिये कांग्रेस प्रत्याशी बिहारी लाल के पक्ष में चकरोता विधायक प्रीतम चौहान, जिलाध्यक्ष दिनेश चोहान व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरि मोहन नेगी ने पुरोला मुख्य बाजार में रोड़ शो के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए बोट मांगे।

रैली के बाद मुख्य बाजार में चौहान ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जन सभा को संबोधित करते हुए प्रीतम चौहान ने कहा कि प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार में डुबी है सता में बैठे लोग मलाई खाने में लगे हैं। महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था चरमरा रखी है तथा पुरोला नगर पालिका परिषद



की सीट को पहले ओबीसी महिला किया गया लेकिन इन लोगों के द्वारा इस सीट को बदलकर महिलाओं का अपमान किया गया। जिसका यहां की जनता करारा जबाब देगी। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में चाहे भाजपा की सरकार हो लेकिन नगर पालिका परिषद पुरोला के चौमुखी विकास के लिए हम पहले भी आगे रहें हैं और आगे भी रहेंगे।

चौहान ने पुरोला की जनता से कांग्रेस प्रत्याशी बिहारी लाल शाह को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपिल की। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी बिहारी लाल शाह ने अपने समर्थन मे आयें पार्टी कार्यकर्ताओं व अतिथियों का आभार जताया व नगर पालिका क्षेत्र को विकसित करने की गारंटी दी तथा भारी मतों से विजई बनाने की अपिल की। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी बिहारी लाल, रोजी सिंह सौदाण, सुरेंद्र सिंह,लोकेंद्र रावत,धिरेदर सिंह नेगी, अनिल रांगड, सुभाष नेगी, सूर्या लाल, दयाराम नेगी,संदीप रावत, सुरेंद्र रावत, निकेदंर नेगी, दिनेश, किशन, प्रकाश, मोनिका नेगी, रजनी शाह,शुशिला, सरिता, तारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## 336 लाभार्थियों के स्वीकृत किए गए पेंशन आवेदन पत्र

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में जनपद के अंतर्गत ऐसे लाभार्थी जो पेंशन से वंचित थे, इसके लिए जिलाधिकारी ने जनपद के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को पेंशन से लाभान्वित करने के लिए पेंशन संतृप्तिकरण अभियान कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें समाज कल्याण विभाग एवं राजस्व विभाग के तत्वावधान में जनपद के सभी विकासखंडों में रोस्टरवार विशेष शिविर आयोजित किए गए। आयोजित शिविर में संबंधित उप जिलाधिकारी तहसीलदार द्वारा लाभार्थियों के आय प्रमाण पत्र एवं स्थाई निवास प्रमाण पत्र निर्गत किए गए जिससे कि लाभार्थी का आवेदन पत्र पर सभी औपचारिकताएं शिविर में ही पूर्ण किया जा सके। उक्त आयोजित किए गए शिविरों में कुल 560 लोगों द्वारा पेंशन हेतु आवेदन किया गया।

*अपने मिशन में सफल होने के लिए आपको अपने लक्ष्य के प्रति एक चित भाव से समर्पित होना पड़ेगा । –अज्ञात*



# वर्क–लाइफ बैलेंस

**अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए।**

रहीस सिंह।।

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए।

देखा जाए तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीईओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं।



ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे?

जीवन में क्वॉलिटी बनाए रखने के लिए ही वर्क–लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं।

बात–बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुकाकर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर एम्प्लॉयी के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

## प्रदोष व्रत

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** माघ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 26 जनवरी को रात 08 बजकर 54 मिटन पर शुरू हो रही है। वहीं यह तिथि 27 जनवरी को रात 08 बजकर 27 मिनट पर खत्म होगी। प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल में की जाती है। ऐसे में प्रदोष व्रत सोमवार, 27 जनवरी 2025 को किया जाएगा। इस दिन पूजा का मुहूर्त ये रहने वाला है –सोम प्रदोष व्रत पूजा मुहूर्त – शाम 05 बजकर 56 मिनट से 08 बजकर 34 मिनट तक। सोम प्रदोष व्रत के दिन शुभ फलों की प्राप्ति के लिए आप प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा–अर्चना करें और उन्हें सफेद रंग की चीजों जैसे सफेद मिठाई आदि का भोग लगाएं। साथ ही इस दिन शिव तांडव स्तोत्र का पाठ भी जरूर करें। माना जाता है कि सोम प्रदोष व्रत रखने और शिव जी की विधिवत रूप से पूजा करने से कुंडली में मौजूद च्रंद देव से संबंधित समस्याएं दूर होती हैं।

## संपादकीय

### सवाल या संदेह

लोकतंत्र आधुनिक युग की देन है, इसलिए लोगों के मन में यह सवाल या संदेह होना स्वाभाविक है कि प्राचीन युग या वैदिक आर्यों के सत्य युग में वापस जाने की जल्दबाजी में, हम कड़ी मेहनत से अर्जित लोकतंत्र के शासन से हाथ न धो लें। लेकिन यह सवाल या संदेह पूरी तरह से निराधार है। हाँ, यह सही है कि यह लोकतंत्र की व्यवस्था काफी पुरानी हो चुकी है। लोकतंत्र के चार स्तंभ– विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस– सबकी की संरचना पुरानी हो रही है। यदि लोकतंत्र के चार स्तंभों का कायाकल्प किया जाए तो भवन नया और मजबूत हो जाएगा और हमारा लोकतंत्र एक नई ताकत और जोश के साथ आसमान की ऊंचाइयों को छुएगा। आजकल आधुनिक उपकरणों से लैस होकर मतदाता फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर के हैंडल से भी चल रहा है। लेकिन सबसे आवश्यक है कि मतदाता और जन प्रतिनिधि के लिए शिक्षा, आर्थिक स्थिति, मानसिक अवस्था और अच्छी पृष्ठभूमि की भी योग्यता होनी चाहिए। तो चलिए, कामना करते हैं कि लोगों के दिल में लोकतंत्र के लिए प्यार बना रहे और इसके स्तंभ मजबूत रहें, ताकि शासन–व्यवस्था सफलतापूर्वक चले।

लोकतंत्र की धारणा राजतंत्र या तानाशाही और कुलीनतंत्र की धारणा के विपरीत है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के विचारों के आदान-प्रदान के कारण लोकतंत्र को शासन की सर्वोत्तम व्यवस्था कहा जाता है।

# लोकतंत्र की धारणा

सुधा कुमारी।।

प्राचीन विश्व इतिहास में जिन पसंदीदा विषयों के इर्द–गिर्द कहानियां बुनी गई हैं, वे हैं– राजमुकुट, सिंहासन, सिंहासन के लिए युद्ध और राजसी शान–शौकत वाले जीवन के पहलू। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को देख लें– हमेशा किसी न किसी राजसिक कथा से भरपूर। वैदिक युग या प्राचीन दुनिया में प्रशासन की पद्धति राजतंत्र थी जिसमें जमींदार, जागीरदार, सूबेदार, राजा, महाराजा, सम्राट, चक्रवर्ती सम्राट– जैसे विभिन्न स्तर के पद थे। आखिरी पद– चक्रवर्ती सम्राट– तक पहुँचने के लिए आसपास के छोटे राज्यों में घुसपैठ कर सेना के साथ घोड़ा दौड़ाया जाता था। उस घोड़े को शांतिपूर्ण तरीके से अपने राज्य से गुजरने देना आक्रमणकारी राजा की अधीनता को स्वीकार करना था। जो राजा अपनी सीमा में घोड़े को रोकता था, उसे घोड़े की रक्षक सेना से युद्ध करना पड़ता था। प्राचीन भारत में सभी लोग राजा को भगवान का रूप और अपने उद्धारकर्ता के रूप में मानते थे और राजतंत्र की छत्रछाया में रहने को इच्छुक (या विवश) होते थे। उन दिनों कहीं भी लोकतंत्र या प्रजातंत्र जैसा जनता की आवाज बुलंद करने का जरिया मौजूद नहीं था।

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में, भारत में वैशाली गणराज्य (अब बिहार राज्य का अंश) था जिसके



महाजनपद थे– वज्जि, कोसल, काशी, मगध। वैशाली गणराज्य प्राचीन विश्व इतिहास में अबतक उपलब्ध लोकतंत्र का प्रथम निशान था। वैशाली पर राजगृह के शक्तिशाली सम्राट अजातशत्रु ने हमला किया और जीत लिया। उसी शताब्दी में यूरोप के प्राचीन एथेंस शहर–राज्य ने सभी जमींदारों को विधान सभा में बोलने की अनुमति दी, जिससे भविष्य में लोकतंत्रों का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस विश्लेषण के बाद यह निष्कर्ष निकलता है कि लोकतंत्र आधुनिक समय और सभ्यता के विकास की देन है। भारतीय संदर्भ में चार युगों में अंतिम युग कलियुग की एक प्रभावशाली उपलब्धि लोकतंत्र को माना जा सकता है।

लोकतंत्र की धारणा राजतंत्र या तानाशाही और कुलीनतंत्र की धारणा के विपरीत है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के विचारों के आदान–प्रदान के कारण लोकतंत्र को शासन की सर्वोत्तम व्यवस्था कहा जाता है। लोकतंत्र में जनता अपने शासक का समय–समय पर चुनाव करती है और चुनाव के पहले भावी शासक जनता से विनती करते हैं कि उन्हें ही चुना जाय। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन द्वारा लोकतंत्र को अच्छी तरह से परिभाषित किया गया था–"लोकतंत्र जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा सरकार है।" लेकिन लोकतंत्र में जन–प्रतिनिधि चुनने का निर्णय एक गंभीर विषय है और इसके लिए स्वतंत्र रूप से सोचनेवाला सक्रिय दिमाग, शिक्षा और जागरूकता की आवश्यकता है ताकि एक सही प्रतिनिधि चुना जाय जो उसके क्षेत्र का कल्याण कर सकता है। कुछ विशिष्ट तकनीकी और कानूनी मुद्दे भी हैं, जैसे– जनता की शिक्षा का अभाव। लोकतंत्र विविध प्रकार के जन–साधारण –शिक्षित–अनपढ़, गरीब–अमीर, विद्वान–मंदबुद्धि, अपराधी–संत– सभी प्रकार के वयस्क मतदाता को समान मताधिकार और प्रतिनिधि चुनने की स्वतंत्रता देता है। जन–प्रतिनिधि चुनने के लिए जनता को शैक्षणिक योग्यता की कोई आवश्यकता नहीं है। इसी तरह, जन–प्रतिनिधि बनने के लिए भी शैक्षणिक योग्यता की कोई आवश्यकता नहीं है। जैसे सभी प्रकार की जनता को मतदान करने का समान अवसर मिलता है, वैसे ही सभी प्रकार के प्रतिनिधियों को भी निर्वाचित होने का समान अवसर मिलता है।

### सूडोकु बवाल- 5360

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु बवाल -5359 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## अपना ब्लॉग

### आरोप- प्रत्यारोप

**मोहन।** मतपत्र की गिनती में कठिनाई, बूथ पर कब्जा करने के आरोप–प्रत्यारोप और मतपेटी की लूटपाट की घटनाओं को देखते हुए इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) लाई गई थी, लेकिन इस मशीन की विश्वसनीयता के ऊपर भी आरोप– प्रत्यारोप चलते रहते हैं। इसके साथ, कुछ आर्थिक भ्रष्टाचार के मुद्दे भी हैं। हम अक्सर चुनाव के बाद 'घोड़ों के व्यापार' (हॉर्स ट्रेडिंग) की परंपरा देखते हैं और पार्टियों को एक दूसरे पर आर्थिक भ्रष्टाचार द्वारा जन–प्रतिनिधि हड़पने का आरोप लगाते हुए सुनते हैं। जो चुनाव में बंदूक–गोली (बुलेट) या मतपत्र (बैलट) से भी नहीं जीत पाया, वह आर्थिक भ्रष्टाचार से जीत सकता है। कवि इकबाल या अब्राहम लिंकन को भी इसके बारे में कोई पूर्वाभास नहीं था वर्ना उन्होंने कभी लोकतंत्र को परिभाषित नहीं किया होता। आर्थिक भ्रष्टाचार के मुद्दे का दूसरा पहलू भी है– गरीब और भूखे मतदाताओं का दो वक्त के भोजन या जीवन की कुछ आरामदायक सुख–सुविधाओं के बदले में अपना वोट डाल देना। इसका कोई सबूत नहीं दिखता है।





## अमिताभ बच्चन ने 83 करोड़ का बेचा अपार्टमेंट, 4 साल पहले 31 करोड़ में खरीदा था

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने मुंबई के ओशिवारा में स्थित अपने आलीशान अपार्टमेंट को 83 करोड़ रुपये में बेचकर भारी मुनाफा कमाया। उन्होंने लगभग चार साल पहले अप्रैल 2021 में यही प्रॉपर्टी 31 करोड़ रुपये में खरीदी थी। इस आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट में कभी एक्ट्रेस कृति सेनन रहती थीं और इसका किराया 10 लाख रुपये महीना था। स्क्वायर यार्ड्स के अनुसार, डुप्लेक्स अपार्टमेंट ओशिवारा में अपस्केल रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट श्द अटलांटिस क्रिस्टल ग्रुप में स्थित है। अप्रैल 2021 में 31 करोड़ रुपये में संपत्ति खरीदी थी। जनवरी में मेगास्टार ने यही संपत्ति 83 करोड़ रुपये में बेच दी थी, जिससे उन्हें 168 प्रतिशत का भारी मुनाफा हुआ था। इस बिक्री लेनदेन पर 4.98 करोड़ रुपये का स्टाम्प शुल्क और 30,000 रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस लगी। यह आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट कथित तौर पर 5,704 वर्ग फीट के बिल्ड–अप एरिया और 5,185.62 वर्ग फीट के कारपेट एरिया में फैला हुआ है। यह 27वीं और 28वीं मंजिल पर स्थित है। इसमें एक बड़ा–सा टैरेस और छह कार पार्किंग स्पेस है। गौरतलब है कि यह वही प्रॉपर्टी है, जिसे बिग बी ने नवंबर 2021 में कृति सेनन को दो साल के लिए लीज पर दिया था। एक्ट्रेस ने इसके लिए 10 लाख रुपये प्रति महीने किराया और 60 लाख रुपये जमा कराए थे। कथित तौर पर बच्चन परिवार ने रियल एस्टेट में 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम का टीजर रिलीज

सुहागरात की सेज पर दूल्हा–दुल्हन। शरमाता हुआ वीर अभी अपनी दुल्हनिया कोयल के दुपट्टे को महसूस ही कर रहा था कि सेकेंडभर में सबकुछ बदल जाता है। दरवाजे को तोड़ता हुआ एक घूसा अंदर आता है और दनादन गोलियां चलने लगती हैं। बैकग्रांउड में बज रहा गाना लाल दुपट्टे वाली अचानक इंटेंस म्यूजिक में बदल जाता है। यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम का मजेदार टीजर कुछ ही सेकेंड्स में आपको बांध लेता है। कहानी दिलचस्प और मजेदार लग रही है। बाकी खास बात यह है कि ये फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। प्यार, हंसी और शादी के प्लॉट पर बनी श्धूम धामश एक अलग सी कहानी परोस रही है। इसमें असली मजा फेरों के बाद शुरू होता है! कहानी वाइल्ड्ड और बिंदास कोयल (यामी गौतम धर) और उसके शांत, डरपोक और मां के लाडले पति वीर की है। परिस्थितियां उन्हें एक पागलपन भरे रोमांच भाग–दौड़ में शामिल करने पर आमदा है।

## शिव शक्ति फेम योगेश महाजन की दिल के दौरे से हुई मौत



शिव शक्ति– तब त्याग तांडव फेम एक्टर योगेश महाजन का निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने के कारण उनकी मौत हो गई। उन्होंने इस शो में गुरु शुक्राचार्य का किरदार निभाया था। रविवार, 19 जनवरी 2025 को उन्होंने अंतिम सांस ली। इसके पहले अभी 23 साल के एक टीवी एक्टर अमन जायसवाल की सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी और अब इस घटना के बाद टीवी जगत में शोक का माहौल है। एक्टर योगेश महाजन का निधन उनके फ्लैट में हुआ था। सेट के पास ही उनका अपार्टमेंट था। बताया जा रहा है कि जब वह शूटिंग पर नहीं आए तो क्रू मेंबर्स ने घर जाकर देखा और जब दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला तो उन्हें तोड़ना पड़ा। योगेश महाजन फ्लैट में बेसुध हालत में मिले। उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टर्स ने भी उनकी मौत की पुष्टि कर दी थी और बताया था कि ये हार्ट अटैक के कारण हुआ है। उनके को–एक्टर्स सदमे में हैं। सभी उनकी तारीफ कर रहे हैं। बताया कि वह मजाकिया स्वभाव के थे। योगेश महाजन के परिवार में उनकी पत्नी है और एक सात साल का बेटा है। जिसके सिर से पिता का साया उठ गया है। उनका अंतिम संस्कार 20 जनवरी को 11 बजे गोरारी–2 श्मशान भूमि में हुआ। किसान परिवार में 1976 में जन्में योगेश बिना किसी गॉडफादर से इंडस्ट्री में आगे बढ़ रहे थे। इन्होंने मराठी इंडस्ट्री में भी काम किया है।

# कंगना अलग विचारधारा वाले एक्टर्स के साथ भी करेंगी काम



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*कगना रनौत अपनी फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका एक इंटरव्यू ज्यादा चर्चा में है, जिसमें उन्होंने सोनू सूद और स्वरा भास्कर के बारे में बात की है। जिनसे उनका पुराना विवाद रहा है। दोनों के साथ काम करने और दोस्ती रखने के बारे में एक्ट्रेस ने बेबाकी से अपनी राय रखी है। साथ ही स्वरा भास्कर की विचारधारा के बारे में भी कमेंट किया है। और सोनू सूद संग दोस्ती पर बोली हैं, जबकि एक्टर पहले ही बता चुके हैं कि उनकी एक्ट्रेस से बात नहीं होती है। कंगना रनौत और सोनू सूद के बीच मनमुटाव तब हुआ था, जब एक्टर ने मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी को छोड़ दिया था। और एक्ट्रेस ने इस फिल्म का डायरेक्शन कृष जगरलामुडी से अपने हाथों में ले लिया था। सोनू सूद के जाने के बाद, कंगना रनौत ने उन पर आरोप लगाया था कि वह महिला डायरेक्टर के अंडर काम नहीं करना चाहते। सोनू ने उनके आरोपों का सीधे तौर जवाब नहीं दिया था और उन्हें नादान बताया था।*

**कंगना रनौत ने सोनू सूद से दोस्ती पर क्या कहा**

अब शुभांकर मिश्रा के साथ बातचीत में कंगना ने इसी विवाद पर रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, यह जरूरी नहीं है कि हम हर उस व्यक्ति से दोस्ती करें जिससे हम मिलते हैं। आप सिर्फ कुछ ही दोस्त बना सकते हैं। जो लोग मुझसे नाराज हैं, उन्हें मुझसे नाराज ही रहना चाहिए।

**सोनू सूद ने कंगना रनौत के बारे में क्या कहा था**

जबकि सोनू सूद ने कहा था कि वह और कंगना रनौत अब



एक–दूसरे से बात नहीं करते हैं, लोग जो चाहें कह सकते हैं, लेकिन मैं उनके खिलाफ कभी कुछ नहीं कहूंगा। मैं यह सोचकर परेशान हो सकता हूं कि यह इंसान मेरा अच्छा दोस्त था और उसने ऐसी बातें कही। मुझे लगता है कि यह उसकी बेवकूफी है कि वह बुरी इंसान नहीं है। लेकिन कभी–कभी, जब आप कुछ लिखते या कहते हैं, तो आप वास्तव में इसके बारे में नहीं सोचते। हमने मणिकर्णिका के बाद कभी एक–दूसरे से बात भी नहीं की है।

**कंगना रनौत अलग विचारधारा वाले एक्टर के बारे में बोलीं**

इसके अलावा कंगना रनौत से उसी पॉडकास्ट में पूछा गया कि क्या वह ऐसे लोगों के साथ काम कर सकती हैं क्या, जिनकी विचारधारा उनसे अलग है। तो इस पर उन्होंने कहा, बेशक। यह किस तरह का सवाल है। मतलब मैंने जितने भी एक्टर्स के साथ काम किया है, वो अलग विचारधारा रखते हैं। भले ही मुझे कोई इंसान पसंद न हो, मैं उनके साथ काम कर सकती हूं क्योंकि मैं इंसान के बारे में कोई फैसला नहीं दे सकती।

**स्वरा भास्कर के बारे में कंगना रनौत**

वहीं, जब स्वरा भास्कर के साथ दोबारा काम करने के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, हां हम साथ काम कर सकते हैं। उस समय भी उनकी विचारधारा अलग थी। कम्युनिज्म और सोशलिज्म को लेकर उनके विचार, सेट पर भी चलते थे। मैंने कभी भी किसी एक्टर या इंसान के बारे में इंटरव्यू के आधार पर कोई धारणा नहीं बनाई। ये अधिकार तो वामपंथियों के पास है। हमारे पास नहीं।

# ड्वेन जॉनसन को बेटियों ने मुंह से लेकर गर्दन तक रंग डाला

*फास्ट एंड फ्यूरियस एक्टर ड्वेन जॉनसन का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आया है। इस वीडियो में उनकी दो बेटिंयों उनका मेकअप करती दिख रही हैं। ड्वेन की बेटियां जैस्मीन यानी जैजी और टियाना यानी टिया अपने पापा का दिल खोलकर मेकअप कर रही है।*



**ड्वेन जॉनसन के माथे से लेकर गर्दन तक अजीबोगरीब मेकअप**

ड्वेन के चेहरे, उनकी आंखों और नाक पर आईशैडो लगा दिख रहा है। उन्होंने इफेक्ट के लिए एक छोटी सी बाली भी पहनी हुई है। इतना ही नहीं, उन्होंने उनके माथे पर छोटे–छोटे गोल स्टिकर भी लगे दिख रहे हैं और आंखों के पास छोटे–छोटे मोती भी रखे हुए हैं। ड्वेन अपने इस मेकअप के दौरान काफी सीरियस दिख रहे हैं।

**माथे पर लाल और गुलाबी लिपस्टिक खत्म कर डाली**

दोनों बेटियां पापा के साथ जमकर मस्ती करती दिख रही हैं। उन्होंने पापा के कानों में झुमके भी पहना रखे हैं। इतना ही नहीं, बच्चियों ने पापा के चेहरा और माथे पर लाल और गुलाबी लिपस्टिक खत्म कर डाली और अंत में बचा हुआ लिपस्टिक सिर पर रख देती हैं। वे उसी लिपस्टिक से पापा के गले में हार भी बनाती हैं। कुल मिलाकर बेटियों ने मेकअप का पूरा पिटारा ही चिपका रखा है।

**पापा, क्या हम आपको कुछ आईशैडो लगा सकते हैं?**

ड्वेन ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा है, श्इसकी शुरुआत मेरे दो तूफानी बेटियों जैजी और टिया से हुई जिसने पूछा– पापा, क्या हम आप पर कुछ आईशैडो लगा सकते हैं? और मैंने कहा – हां, लेकिन मैंने कहा कि जल्दी करो और कूल करना...क्योंकि मुझे जिम जाना है।श

**कहा- मैं ये दिन भर सह सकता हूं**

खैर, आगे उन्होंने बहुत ही प्यारी लाइन शेयर की है। उन्होंने कहा, अरे, मुझे पता है कि वे हमेशा छोटी नहीं रहेंगी या बड़ी होने पर डैडी के साथ घूमना पसंद नहीं करेंगी, लेकिन वे हमेशा मेरी बच्चियां रहेंगी इसलिए मैं पूरे दिन ये अब्यूज सह सकता हूं।

**प्रियंका चोपड़ा ने लिखा- ये बहुत ही सुखद है**

इस पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने कॉमेंट कर लिखा है– आप ब्यूटिफुल दिख रहे हैं। वहीं उनके कई दोस्तों ने इसे क्यूटेस्ट कहा है। लोगों ने लिखा है– ये बहुत ही सुखद है, देखकर मजा आ गया।

# किडनी में जमा विषाक्त निकालने और मजबूत बनाने के लिए आजमाएं ये उपाय



### साबुत अनाज और हल्के प्रोटीन
ब्राउन राइस, ओट्स, क्विनोआ और जई सर्दियों के लिए आदर्श हैं। साबुत अनाज धीरे-धीरे पचने वाले कार्बोहाइड्रेट्स हैं, जो लगातार ऊर्जा प्रदान करते हैं। इनमें जरूरी पोषक तत्व भी होते हैं, जैसे कि मैग्नीशियम, जो किडनी की सेहत को सहयोग देता है। स्किनलेस पोल्ट्री, अंडे और सालमन या माकरेल जैसी मछली चुनें। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड बहुत ज्यादा होते हैं, जो प्रदाह को कम करने में लाभकारी होते हैं। शाकाहारी लोगों के लिए दालें, काबुली चने और राजमा प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं, जिनमें फाइबर का अतिरिक्त लाभ भी मिलता है।

*याद रखें कि किडनी की बीमारी को रोकना इलाज करने से बेहतर है। रोजाना कुछ छोटे-छोटे बदलाव लाकर आप अपनी किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं। इन सर्दियों में, आइये सोच-समझ कर खाएं, पर्याप्त मात्रा में पानी पियें और अपनी किडनी सही देखभाल करें और स्वस्थ रहें।*

डॉ. सौरभ पोखरियाल, चीफ मेडिकल डायरेक्टर, अपजनेबंतम के अनुसार, सर्दियों में किडनी की समस्या होने पर आपको कई लक्षण महसूस हो सकते हैं। हालांकि आप कुछ उपाय आजमाकर किडनी को स्वस्थ मजबूत बना सकते हैं।

### किडनी को स्वस्थ्य रखने के लिए क्या खाएं
किडनी की सेहत के लिए संतुलित और हल्का भोजन बेहद जरूरी है। आप अपने भोजन में ताजे फल, सब्जी, साबुत अनाज और हल्के प्रोटीन शामिल करें। पोषक तत्वों से भरपूर यह चीजें किडनी के काम में सहयोग करती हैं और सर्दियों में आपकी सेहत बढ़िया बनाए रखने में सहायक होती हैं। इन दिनों नमक भी कम खाना चाहिए। रोजाना 2300 मिलीग्राम से कम सोडियम, यानि लगभग एक छोटा चम्मच नमक खाना चाहिए।

### पर्याप्त पानी पीना भी बेहद जरूरी
सर्दियों में हमें इतनी प्यास नहीं लगेगी, लेकिन हाइड्रेटेड रहना गर्मी के महीनों की तरह ही महत्वपूर्ण होता है। पानी टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है और किडनी स्टोन का जोखिम कम करता है, जोकि डिहाइड्रेशन से होने वाली एक आम समस्या है। रोजाना 8 से 10 गिलास पानी जरूर पियें। इसे आप उम्र, गतिविधियों और जलवायु के अनुसार कम-ज्यादा कर सकते हैं। ठंड में हर्बल टी और गर्म सूप भी शरीर को हाइड्रेट रखने के विकल्प हो सकते हैं। डिहाइड्रेशन के संकेतों पर ध्यान दीजिये, जैसे कि थकान, त्वचा सूखना या सिरदर्द। इन संकेतों पर तुरंत कदम उठायें।

### ताजे फल और सब्जियां खाएं
सर्दी में पोषक तत्वों से भरपूर फल जैसे कि सेब, नाशपाती, गाजर, चुकंदर और पालक। इनमें विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर की अच्छी-खासी मात्रा होती है, जो किडनी की सेहत में सहयोग देते हैं और मौसमी बीमारियों के लिये इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। पालक और दूसरी हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन तथा कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत होती हैं। वहीं, गाजर और चुकंदर शरीर को डिटॉक्सिफाई करने में मददगार बीटा-कैरोटीन तथा एंटीऑक्सीडेंट्स देते हैं।



## रोशनी बढ़ाने के ये उपाय, काली मिर्च-आंवला 4 चीजें जरूरी
नई दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल के गायनेकोलॉजिक आंखों की रोशनी कैसे बढ़ाएं? एक्सपर्ट्स मानते हैं कि आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए आपको अपनी डाइट पर ध्यान देना और स्क्रीन टाइम कम करना बहुत जरूरी है। होम्योपैथी डॉक्टर रेखा सरोहा आपको कुछ उपाय बता रही हैं, जो आसान और असरदार हैं और नजर चश्मा उतरवा सकते हैं। यह मसाला केवल स्वाद बढ़ाने के लिए नहीं है! यह विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले नुकसान से आपकी आंखों की रक्षा करते हैं और समग्र रूप से आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। आंवला विटामिन बी और एंटीऑक्सीडेंट का खजाना है, जो ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ने में मदद करता है और आपकी आंखों को तेज और स्वस्थ बनाए रखता है। यह कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देता है, जो आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी है। बादाम विटामिन ई से भरपूर होते हैं, जो रेटिना की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। विटामिन ई उम्र से संबंधित मैक्यूलर डिजनरेशन को रोकने में मदद करता है और लंबे समय तक आंखों के स्वास्थ्य का समर्थन करता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर, अलसी के बीज स्पष्ट दृष्टि को बढ़ावा देने के लिए बहुत अच्छे होते हैं। ओमेगा-3 सूखी आंखों, सूजन, और मैक्यूलर डिजनरेशन जैसी आंखों की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

## पानी में भिगोएं धनिया-मेथी के बीज, 21 दिनों में कोलेस्ट्रॉल का ढेर हटा देगा
फेमस आयुर्वेद डॉक्टर इरफान के अनुसार, कोलेस्ट्रॉल एक तेजी से बढ़ती और गंभीर बीमारी है, जिससे खून की नसें ब्लॉक हो सकती हैं और आपको हार्ट अटैक या स्ट्रोक हो सकता है। अगर आप आपको हमेशा थकान-कमजोरी, शरीर में भारीपन रहता है तो यह कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का ही संकेत है। कोलेस्ट्रॉल का इलाज क्या है? डॉक्टर ने बताया कि कोलेस्ट्रॉल के लिए वैसे तो कई दवाएं मौजूद हैं लेकिन अगर आप हमेशा दवाएं नहीं खाना चाहते हैं, तो आप घर में मौजूद कुछ चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। घरेलू उपाय बिना किसी नुकसान के आपको फायदा दे सकते हैं। डॉक्टर ने बताया कि कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने के लिए यह एक जबरदस्त उपाय है। सिर्फ 21 दिनों तक धनिया और मेथी का पानी पीने से आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल कम हो जाएगा। इतना ही नहीं, इस मिश्रण के सेवन से आपको सुस्ती औत थकान से भी राहत मिल सकती है और शरीर की ताकत बढ़ सकती है। फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। ओट्स, जौ, फलियां और साबुत अनाज को अपनी डाइट में शामिल करें।

# हर दिन ठूस रहे गंदा तेल-चीनी, लड़ी की लड़ी खरीद रहे लोग

*हर दुकान पर स्नैक से भरे पैकेट बिकते हैं। पहले जब घर पर खाने के लिए कुछ नहीं होता था या कोई मेहमान आता था तो बाहर जाकर इन्हें खरीदा जाता था। धीरे-धीरे इन्हें खाने की आदत पड़ गई और अब महीने के राशन में सबसे पहले इन स्नैक्स के पैकेट की लड़ियां खरीदी जाती हैं। हेल्थ इंफ्लुएंसर प्रशांत देसाई ने ऐसे 5 पैकेट खरीदकर घर लाने से मना किया है। इनके अंदर अलग-अलग रूप में खतरनाक चीजें भरी होती हैं।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

### 5 पैकेट के अंदर हार्ट अटैक का खतरा
इन स्नैक को बनाने के लिए गंदे तेल, चीनी, आटे का इस्तेमाल किया जाता है। जो ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड, हॉर्मोन के लेवल से छेड़छाड़ करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन से लेकर सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन इन लिक्विड शुगर, पाम ऑयल, रिफाइंड फ्लोर को हार्ट अटैक, कैंसर, डायबिटीज का प्रमुख कारण मानता है। जब स्नैक्स के ये पैकेट घर पर रखे होते हैं, जो जरा सी भूख लगने पर इन्हें खाने लगते हैं। इस तरह हमारे दिन का अधिकतर खाना इन्हीं चीजों से भर गया है। यह लत पोषक तत्वों की जगह खाली कैलोरी देते हैं। साथ ही जानलेवा बीमारी का खतरा बढ़ाते हैं।

### बिस्किट
सुबह की चाय से लेकर मेहमानों को नाश्ता देने में बिस्किट परमानेंट जगह ले चुके हैं। प्रशांत देसाई ने बताया कि इन्हें मैदा, पाम ऑयल, शुगर और नमक से बनाया जाता है। इन्हें खाने की बुरी लत लग सकती है और मोटापा, हार्ट डिजीज, डायबिटीज का खतरा हो सकता है।



### कोल्ड ड्रिंक
इस ड्रिंक का सेवन बहुत तेजी से बढ़ गया है, अब तो ठंड में भी कोल्ड ड्रिंक पी जाती है। इसकी एक कैन में करीब 29 ग्राम लिक्विड शुगर होती है। इसमें बहुत ज्यादा फ्रुक्टोज होता है, जो लिवर को बुरी तरह नुकसान पहुंचा सकता है।

### नमकीन, चिप्स
अधिकतर बच्चों को चिप्स खाना पसंद है, बड़े इसकी जगह नमकीन खाते हैं। इन्हें सस्ते पाम ऑयल और नमक से बनाया जाता है। कई शोध पाम ऑयल को दुनिया का सबसे अनहेल्दी तेल मानते हैं। इसके अंदर सैचुरेटेड फैट की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।

### फ्रूट जूस
यह देखने में हेल्दी लगते हैं, लेकिन हाई ब्लड शुगर कर सकते हैं। इसके अंदर करीब 25 से 30 ग्राम लिक्विड शुगर होती है। इसे पीने से ग्लूकोज स्पाइक और ग्लूकोज क्रैश अचानक होता है। इसमें न्यूट्रिशन नहीं होता, जिस वजह से जल्दी भूख लगने लगती है।

### सस्ती चॉकलेट
बच्चों को देने के लिए लोग बाहर से चॉकलेट ले जाते हैं। आजकल इनके छोटे और सस्ते पैकेट भी आते हैं। सस्ता रखने के लिए इन्हें शुगर, वेजिटेबल ऑयल और पाम ऑयल से बनाया जाता है। इनसे कोई पोषक तत्व नहीं मिलता और खतरा अलग रहता है।

## थुलथुला अंग पिचका सकते हैं ये देसी उपाय, वजन हो सकता है कम



चुस्त जीवनशैली के साथ इन उपायों को करने से कुछ महीनों में 5 से 10 किलोग्राम वेट लॉस आसानी से कर सकते हैं। यह घरेलू इलाज शरीर के बुनियादी फंक्शन को ठीक करते हैं, जिससे मोटापे दोबारा नहीं आएगा। शरीर के हर अंग पर जमी चर्बी को कम करने के लिए इन्हें एक्सपर्ट की निगरानी में करें। ये काले दाने खाने से भूख कंट्रोल होती है। फिर एनर्जी के लिए शरीर चर्बी का इस्तेमाल करता है। कलौंजी का पाउडर या तेल का इस्तेमाल करके 2.1 किलोग्राम कम किया जा सकता है और कमर भी पतली होती है। एनसीबीआई पर पब्लिश रिसर्च में यह रिजल्ट 6 से 12 हफ्तों में मिल गया था। ढंग से खाना नहीं पचने पर बॉडी फैट बढ़ने लगता है। यह देसी मसाला डायजेशन बढ़ाता है। शरीर आसानी से फैट और कार्ब्स पचा लेता है और काम में लगा देता है। काली मिर्च को खाने में डालकर खा सकते हैं। सुबह खाली पेट इसे पानी में उबालकर पी सकते हैं। इसके चूर्ण के अंदर आंवला, हरड़ और बहेड़ा को पीसकर डाला जाता है। यह आयुर्वेद का बहुत ताकतवर उपाय है। मोटापा, कमजोर नजर, टॉक्सिन, पेट की समस्या में इसे रामबाण माना जाता है। इसका काढ़ा बनाकर पी सकते हैं। यह पेड़ कई सारे फायदे देता है। इसका काढ़ा पीने से मोटापे को खत्म करने में मदद मिलती है।



**नीरज की वाइफ हिमानी मोर के बारे में महत्वपूर्ण बातें**

नीरज की वाइफ हिमानी मोर 25 साल की हैं। वह सोनीपत की एक टेनिस खिलाड़ी हैं, जो लिटिल एंजेल्स स्कूल से पढ़ी हैं। मोर वर्तमान में न्यू हैम्पशायर में फ्रैंकलिन पियर्स विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (मेजर) में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने दिल्ली के मिरांडा हाउस में भी पढ़ाई की, जहां उन्होंने राजनीति विज्ञान और शारीरिक शिक्षा में स्नातक की डिग्री पूरी की। उनका एक भाई हिमांशु भी है, जो एक टेनिस खिलाड़ी है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के बाद ताइपे में 2017 विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भाग लिया। उनकी स्कूल वेबसाइट का कहना है कि उन्होंने 2016 में मलेशिया में आयोजित विश्व जूनियर टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

## नीरज की वाइफ हिमानी मोर के बारे में तरह-तरह की बातें कर रहे गूगल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में एक तबका है, जो विराट कोहली का दीवाना है तो दूसरा रोहित शर्मा का। महान सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के चाहने वालों की भी लंबी फेहरिस्त है। हालांकि, ये वो खिलाड़ी हैं, जिनकी समय-समय पर आलोचना भी होती रही है, लेकिन नीरज चोपड़ा संभव है कि इकलौते ऐसे स्पोर्ट्स स्टार हैं, जिनकी आलोचना करने के बारे में शायद ही कोई सोचे। इस आर्मी के जवान के चाहने वाले न केवल भारत में हैं, बल्कि दुनिया के हर कोने में हैं। उनका वीडियो देखकर युवा फिटनेस से लेकर खेल तक की तैयारी करते हैं। उनकी फैन लिस्ट में लड़कियों की संख्या भी खूब है। हालांकि, उनकी शादी की खबर से कइयों को दिल चकनाचूर हो गया होगा। दो ओलंपिक मेडल जीत चुके इस जेवलिन थ्रोअर ने अचानक ही रात में अपनी शादी का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पेज एक्स और इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि वह आज से हिमानी मोर के हुए। यह खबर हर किसी के लिए सरप्राइज की तरह थी। बीच में उनका नाम भारतीय स्टार शूटर मनु भाकर से जोड़ा गया हालांकि, दोनों ही पक्षों ने इससे इनकार किया। शर्मीले स्वभाव के नीरज अक्सर ही शादी वाले सवाल पर कन्नी काट जाते थे।

# गजब जीत! सिर्फ 17 गेंदों में 10 विकेट से रौंद दिया

**क्रिकेट**

## भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने टी20 विश्व कप में रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कुआलालंपुर। आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 के एक मुकाबले में भारत ने कमाल कर दिया। उसने मलेशिया को न केवल सिर्फ 17 गेंदों में धूल चटा दी, बल्कि उसकी स्टार गेंदबाज वैष्णवी ने कमाल करते हुए हैट्रिक सहित 5 रन देकर 5 विकेट झटके। वह अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली भारतीय हैं। मलेशिया की पूरी टीम 31 रनों पर ढेर हो गई थी, जबकि भारत ने 2.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके साथ ही वह ग्रुप-ए में लगातार दो जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गया है। इससे पहले उसने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया था। कुआलालंपुर के बयूमास ओवल मैदान पर पहले बैटिंग करते हुए मलेशिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

दूसरे ओवर में जो उसे पहला झटका लगा तो देखते ही देखते 14.






3 ओवरों में उसकी पूरी पारी खत्म हो गई। भारत की स्टार लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए 14वें ओवर में लगातार 3 विकेट निकालते हुए हैट्रिक पूरी की।

उन्होंने 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर नूर ऐन बिंती रोशलान, तीसरी गेंद पर नूर इस्मा दानिया, चौथी गेंद पर सिति नजवा को आउट किया। वैष्णवी ने 4 ओवर में एक मेडन फेंकते हुए 5 रन देकर 5 विकेट झटके। उनकी साथी गेंदबाज आयुषी शुक्ला ने 3.3 ओवरों में एक मेडन रखते हुए 8 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। इस तरह विपक्षी टीम 31 रनों पर ढेर हुई। रोचक बात यह है कि 31 रनों में 11 रन अतिरिक्त थे।

32 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को कोई परेशानी नहीं हुई। उसने 2.5 ओवरों में ही बिना कोई विकेट गिरे जीत हासिल कर लिया। गोंगाडी तृषा ने 12 गेंदों में 5 चौके ठोके और 27 रन बनाकर नाबाद रहीं। दूसरे छोर पर जी कमिलनी ने 5 गेंदों में एक चौका की मदद से नाबाद 4 रन बनाए। भारत का टूर्नामेंट अगला मुकाबला श्रीलंका से 23 जनवरी को है। इस तरह से वह आसानी से सुपर-6 में पहुंचते दिख रहा है।

# भारतीय टीम की जर्सी पर नहीं छपेगा पाकिस्तान का नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान के तीन शहर और दुबई में होना है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है, जिसमें टीम इंडिया का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होना है। इस टूर्नामेंट से पहले एक नया विवाद खड़ा हो गया है। इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक पाकिस्तान का नाम इस बार भारतीय टीम की जर्सी पर नहीं होगा। इसको लेकर पीसीबी काफी नाराज है।

दरअसल, पाकिस्तान के पास चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी है, लेकिन सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए टीम इंडिया अपने सारे मुकाबले दुबई में खेलेगी। इस बीच रिपोर्ट सामने आई है कि भारतीय टीम की जर्सी में पाकिस्तान का नाम नहीं छपने से पीसीबी नाराज है। पीसीबी के एक

**▪पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच**

अधिकारी ने बीसीसीआई पर क्रिकेट में राजनीति लाने का आरोप लगाया। इससे पहले, भारतीय बोर्ड ने कथित तौर पर कप्तान रोहित को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कप्तानों की बैठक के लिए पाकिस्तान भेजने से इनकार किया था।

पीसीबी अधिकारी ने नाम नहीं लेने की शर्त पर बताया कि बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति ला रहा है। उन्होंने पाकिस्तान जाने से इनकार किया। अपने कप्तान को ओपनिंग सेरेमनी के लिए पाकिस्तान नहीं भेजने पर मंजूरी दी। अब ऐसी खबरें हैं कि ये मेजबान देश (पाकिस्तान) का नाम अपनी जर्सी पर भी नहीं छपवाना चाहते। हमें यकीन है कि आईसीसी ऐसा नहीं होने देगा और हमारी पूरी मदद करेगा।

बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 8 टीमों के बीच कुल 15 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों को एक ही ग्रुप में रखा गया है। भारत और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। इस ग्रुप में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश टीम को भी जगह दी गई है। ग्रुप स्टेज में सभी टीमें अन्य 3 टीमों के खिलाफ मुकाबले खेलेंगी।

*भारतीय टीम:* रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।

## संजू सैमसन ने गाया गाना तो सूर्यकुमार ने कर दिया ट्रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 22 जनवरी से खेला जाना है। यह मुकाबले कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर होना है। इस मैच से पहले संजू सैमसन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने अपना सिंगिंग का टैलेंट दिखा रहे हैं और सभी का दिल जीत रहे हैं। उनकी इस वीडियो पर कप्तान सूर्या ने भी मजे ले लिए हैं। दरअसल, टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपनी गायकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ संजू सैमसन लिखा कि कुछ भी मुश्किल नहीं है. .. क्या में मुंबई आ सकता हूं। संजू सैमसन के इस पोस्ट पर अब कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ट्वीट कर उनके मजे ले लिए। सूर्या ने संजू के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा कि आप मुंबई आ रहे हैं, लेकिन चेन्नई, राजकोट और पुणे ऑडिशन के बाद।

## न्यूज डायरी




## लखनऊ मेरा ननिहाल है, टुंडे कबाब का दीवाना हूं: ऋषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। लखनऊ मेरे लिए नया नहीं है। इस शहर से बहुत पुराना रिश्ता है। बचपन में दोस्तों के साथ इमामबाड़े के पास बहुत वक्त गुजारा है। बहुत खेला है। काफी दौड़ भी लगाई है। लखनऊ में ही मेरा ननिहाल है। अब एलएसजी का कप्तान बनकर आ रहा हूं, तो बहुत सी यादें ताजा होंगी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान बनने के बाद ऋषभ पंत ने यह बात सोमवार को कही। इससे पहले एलएसजी टीम के ओनर डॉ. संजीव गोयनका ने नए कप्तान के तौर पर ऋषभ पंत का ऐलान किया। इस मौके पर नए कप्तान को 17 नंबर की जर्सी भी सौंपी। इस दौरान टीम के मेंटोर जहीर खान ने कहा कि ऋषभ ने अपने बेहतरीन खेल से दिल्ली डेयरडेविल्स से निकलकर सीधे टीम इंडिया में जगह बनाई और बहुत से मुकाम हासिल किए। ऋषभ ने बताया कि इकाना में पहले भी खेल चुके हैं। हालांकि अब यहां खेलते हुए घर जैसा अनुभव होगा। शहर की गलियां मेरे लिए अंजानी नहीं हैं। बहुत सी यादें आज भी ताजा हैं। दिल्ली के सीक कबाब की जगह लखनऊ के टुंडे कबाब खाना ज्यादा पसंद है। कप्तान की जिम्मेदारी को लेकर कहा कि नए और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ टीम को आगे ले जाने का प्रयास रहेगा। एलएसजी को नए मुकाम पर पहुंचाने के लिए अपना 200 प्रतिशत देंगे। साथ ही कहा कि खेल एक जर्नी (यात्रा) है। बहुत से अप-डाउन आते हैं, अब फिर से नई शुरुआत करेंगे और खेल का पूरा आनंद उठाएंगे। साथ ही बताया कि धोनी और रोहित के साथ खेलते हुए बहुत कुछ सीखने को मिला है। धोनी उनके लिए आदर्श रहे हैं।

## संजू सैमसन के पिता का फूटा गुस्सा, केसीए को लिया आड़े हाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के लिए संजू सैमसन को भारतीय स्क्वाड में नहीं चुना गया। इस फैसले के बाद से फैंस और संजू के पिता सैमसन विश्वनाथ ने केरल क्रिकेट संघ को लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ केसीए के कुछ लोग मेरे बेटे को आगे बढ़ने से रोक रहे हैं। बता दें कि संजू सैमसन ने अपने आखिरी वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच में शतक जड़ा था, जिसके बावजूद उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय स्क्वाड में जगह नहीं मिली। संजू सैमसन, जो टी20 विश्व कप 2024 का टाइटल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे, जिन्होंने पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में केरल की कप्तानी की, उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी के लिए स्क्वॉड में नहीं चुना गया। केसीए के सेक्रेटरी और अध्यक्ष ने कहा कि संजू को तीन दिन के प्रैक्टिस कैंप में नहीं आने की वजह से नजरअंदाज किया गया, लेकिन संजू के पिता को पहले से ही मालूम था कि संजू को टूर्नामेंट के लिए नहीं चुना जाएगा। उन्होंने केसीए के इस फैसले पर कहा कि उन्हें पता था कि वह संजू को नहीं चुनेंगे और उन्हें ड्रॉप करने का फैसला टूर्नामेंट से काफी पहले लिा गया। केसीए में कुछ लोग हैं जो मेरे बेटे के खिलाफ हैं।

## भारत और इंग्लैंड के बीच आज खेला जाएगा पहला टी20 इंटरनेशनल मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैच की टी20 सीरीज सीरीज की शुरुआत 22 जनवरी से हो रही है। पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए टीम इंडिया की कप्तानी सूर्यकुमार यादव के पास है, जबकि इंग्लैंड की कप्तानी जोस बटलर के हाथों में है। ऐसे में जानते हैं मैच से पहले कोलकाता के ईडन गार्डन्स की पिच का मिजाज कैसा रहने वाला है? भारत और इंग्लैंड के बीच रोमांचक मुकाबला ईडन गार्डन्स के मैदान पर 22 जनवरी को खेला जाना है। ईडन गार्डन्स का मैदान बल्लेबाजों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं रहा है। यहां बल्लेबाजों को जमकर चौके-छक्के लगाते हुए देखा जाता है। वहीं, पिच पर अच्छा बाउंस होने की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छा आती है। यहां का आउटफील्ड भी काफी तेज मानी जाती है और यहां तेज गेंदबाजों को भी फायदा होता है। इस मैदान पर भारत और इंग्लैंड की टीम के बीच एक केवल टी20 इंटरनेशनल मैच खेला गया है। वह मुकाबला 2011 में खेला गया था। उस मैच में इंग्लैंड ने भारतीय टीम को 6 विकेट से मात दी थी। वहीं, ईडन गार्डन्स के मैदान पर भारतीय टीम ने कुल 7 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, बुधवार, 22 जनवरी 2025



मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित व्यय वित्त समिति में विभिन्न कार्यो की स्वीकृति।



# नगर निगम को घाटे से उभारने की योजनाएं बनाई जाएंगी: पोखरियाल

**ऐलान**

हरित उत्तराखंड के लिए हर साल ढाई लाख पौधों का रोपण किया जाएगा

- कांग्रेस ने संकल्प पत्र में दून में दो घंटे पार्किंग फ्री, राज्य आंदोलनकारियों का हाउस टैक्स माफ होगा
- जो भ्रष्टाचार हुए हैं उनकी जांच की जाएगी और दोषियों से धनराशि की रिकवरी की जाएगी

**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी विरेंद्र पोखिरयाल ने मंगलवार को कांग्रेस भवन में दून के लिए 20 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में नगर निगम की सभी पार्किंग में दो घंटे वाहन फ्री खड़े करने की सुविधा देने का वादा किया। साथ ही राज्य आंदोलनकारियों का हाउस टैक्स माफ करने का ऐलान भी संकल्प पत्र में किया है।

विरेंद्र पोखिरयाल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि नगर निगम को घाटे से उभारने की योजनाएं बनाई जाएंगी। दून शहर का मेगा मास्टर प्लान बनाया जाएगा। पार्किंग की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। नगर निगम की जो भी पार्किंग हैं, उनमें पहले दो घंटे लोग मुफ्त वाहन पार्क कर पाएंगे। पोखरियाल ने कहा कि हम भ्रष्टाचार मुक्त प्रणालि नगर निगम में बनाएंगे। जो भ्रष्टाचार हुए हैं उनकी जांच की जाएगी और दोषियों से धनराशि की रिकवरी की जाएगी।



अतिक्रमण, यातायात जाम, खराब ट्रैफिक लाइट, बंद पड़े बस स्टॉप आदि पर काम किया जाएगा। नागरिक, व्यापारिक वर्ग, शासन एवं जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए नई विकास योजनाएं बनाई जाएंगी। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना सुरक्षित पैदल मार्ग एवं एंबुलेंस कॉरिडोर का निर्माण किया जायेगा। जलभराव के निस्तारण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से योजनाएं बनाई जाएंगी। हरित उत्तराखंड के लिए हर साल ढाई लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए कूड़े से जैविक ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा। पलटन बाजार जैसे भीड़ भरे बाजारों में महिला अनुकूलित हाईटैक शौचालय स्थापित किए जाएंगे। इन्दिरा अम्मा कैन्टीन, जन औषधि केंद्र, पेड पार्किंग स्थल, मलिन बस्तियों में डिस्पेंसरी, आदि जन सुविधाओं की संचालन व्यवस्था में स्थानीय युवाओं व महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, पूर्व विधायक राजकुमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, राजेन्द्र शाह, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, संजय शर्मा, ओम प्रकाश सती, राकेश नेगी, विकास नेगी, मदन लाल, अजय सूद समेत अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम सूर्य घर योजना के लिए यूपीसीएल को मिला पुरस्कार

**संवाददाता** देहरादून। पीएम सूर्यधर योजना में लगातार चौथे साल उल्लेखनीय प्रदर्शन पर यूपीसीएल को केंद्रीय नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया गया है। मंगलवार को जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार यादव को यह पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें 9.5 करोड़ की प्रोत्साहन राशि शामिल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तराखंड ने शानदार उपलब्धि दर्ज की है, यह योजना परंपरागत ऊर्जा के स्रोतों पर निर्भरता कम करते हुए लोगों की आर्थिक की भी संवारने का एक माध्यम है।

### व्यय वित्त समिति में विभिन्न कार्यो की स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय लोहाघाट के भवन एवं छात्रावास के अवशेष निमार्ण कार्यों, नैनीताल में कैंची धाम में सौन्दर्यीकरण एवं प्रकाशकीय कार्यों में बहुमंजिली कार पार्किंग, पैदल सेतु निर्माण तथा श्री बद्रीनाथ धाम में पावर ग्रेड द्वारा प्रायोजित One way Loop Road and State facade Enhancement Work के निर्माण, लेकफ्रन्ट डेवलपमेंट शेषनेत्र लेक के निर्माण कार्य, श्री बद्रीनाथ धाम में एनटीपीसी द्वारा प्रायोजित आईएसबीटी के पुनरीक्षित आगणन के निर्माण कार्य तथा महासू देवता हनोल में लंगर हॉल तथा धर्मशाला निर्माण के कार्यों को सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन दिया।

### विजन पत्र जारी करने के लिए विजन के साथ अनुभव भी है: रविन्द्र सिंह आनन्द

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी की ओर से मेयर पद प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पत्रकार वार्ता के दौरान कहा की यदि वे मेहर पद पर जीत हासिल करते हैं तो देहरादून के सर्वांगीण विकास एवं उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे देहरादून में पलें बड़े और यही की गलियों में खेल कर बड़े हुए हैं इसलिए देहरादून की गली गली से वाकिफ है।

### एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पैट) दर्ज किया

**संवाददाता** देहरादून। देश की प्रमुख गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक एलएंडटी फाइनेंस लि. (एलटीएफ) का समेकित पैट चालू वित्त वर्ष 2024–25 के पहले नौ महीने में बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह एक साल पहले की तुलना में 14 फीसदी अधिक है। वहीं, दिसंबर, 2024 तिमाही में कंपनी का समेकित पैट 626 करोड़ रुपये रहा।

### प्रचार प्रसार एवं सार्वजनिक सभाओं के आयोजन को प्रतिबंधित करने के निर्देश

देहरादून। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड राहुल कुमार गोयल ने नागर स्थानीय निकाय के सामान्य निर्वाचन के मतदान के लिए निर्धारित अंतिम समय से 48 घंटे पूर्व दिनांक 21 जनवरी, 2025 सायं 5 बजे से प्रचार प्रसार एवं सार्वजनिक सभाओं के आयोजन को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों एवं प्रेक्षकों को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि 23 जनवरी, 2025 को होने वाले मतदान में प्रत्याशी द्वारा चुनाव प्रचार व सार्वजनिक सभा आदि का आयोजन दिनांक 21 जनवरी, 2025 को सायं 05:00 बजे के बाद नहीं किया जाएगा।

सचिव गोयल ने बताया कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पूर्व से प्रसारित किया जा रहे किसी ऐसे विज्ञापन को प्रसारित किया जा सकता है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया गया हो, किंतु इसमें ऐसी कोई निर्वाचन संबंधी बात ना हो जिससे निर्वाचन के परिणामों को प्रभावित करने या अभ्यर्थियों या किसी विशेष दल की संभावना को प्रोत्साहित करने ध्प्रतिकूल प्रभाव डालने का अर्थ लगाया जाए।

# फिल्म निर्माता अच्छी कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर आते है उत्तराखंड

**भेंट**

- संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से की भेंट
- फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने में पुलिस विभाग की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका



**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से भेंट कर फिल्म विकास परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया।

डॉ. उपाध्याय ने पुलिस महानिदेशक सेठ को नई फिल्म नीति 2024 की जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने में पुलिस विभाग की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। फिल्म शूटिंग अनुमति के लिये प्रत्येक जनपद में पुलिस विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी की तैनाती की गई है, जिससे अनुमति प्रक्रिया में सुगमता आ रही है। देश–विदेश के फिल्म निर्माता उत्तराखण्ड के शांत वातावरण एवं अच्छी कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर फिल्मों के निर्माण के लिये यहां आते हैं।

दीपम सेठ ने उत्तराखण्ड फिल्म नीति की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग द्वारा फिल्म निर्माताओं को सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के लिये हर संभव सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पुलिस विभाग के सभी पुलिस अधीक्षकों, जनपदीय नोडल अधिकारियों एवं फिल्म विकास परिषद की एक संयुक्त बैठक कर शूटिंग अनुमति प्रक्रिया में पुलिस विभाग से जुड़े सभी पक्षों पर विस्तृत विचार विमर्श भी किया जायेगा।

सेठ ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस राज्य को एक आदर्श फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन बनाने के लिये हर प्रकार से सहयोग करेगी।

इस अवसर पर डॉ. उपाध्याय द्वारा पुलिस महानिदेशक को उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद का स्मृति चिन्ह एवं नई फिल्म नीति की पुस्तिका भेंट की गई।

### दिल्ली के लिए शटल सेवा पर विचार करे प्रबंधन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने प्रदूषण के कारण दिल्ली में बार–बार बाधित हो रहे उत्तराखंड की बसों के संचालन समस्या को लेकर प्रबंधन को शटल सेवा का सुझाव दिया दिया है। यूनियन ने इसके लिए आरआरटीएस के साथ समझौता करने की मांग की है। प्रबंध निदेशक को भेजे पत्र में यूनियन के प्रदेश महामंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने पर उत्तराखंड रोडवेज की पुरानी बसों का संचालन बंद हो जाता है, इससे रोडवेज को रोजाना 40 लाख रुपये का नुकसान होता है। बार–बार यह समस्या आ रही है। इसके समाधान के लिए शटल सेवा उचित माध्यम है। बताया कि एनसीआर में आरआरटीएस का संचालन हो रहा है। यह सेवाएं 40 मिनट में मेरठ से दिल्ली तक यात्रियों को छोड़ देती हैं, जो दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरती है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।